उत्तराखंड में जल्द शुरू होगी जायरो कॉप्टर सफारी

चर्चा में क्यों?

10 दिसंबर, 2023 को राजस एयरो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर लिमिटेड (RAAAPL) के सीईओ मनीष सैनी ने बताया कि जल्द ही उत्तराखंड में जायरो कॉप्टर सफारी शुरू की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- मनीष सैनी ने बताया कि RAAAPL ने ऋषिकेश में 2013-14 में एयर सफारी शुरू की थी। यह इंडिया की पहली एयर सफारी थी।
- उन्होंने बताया कि इसी माह राज्य में जायरो कॉप्टर सेवा की शुरुआत भी की जा रही है, जो भारत और दक्षिण एशिया की पहली जायरो कॉप्टर सफारी होगी।
- गौरतलब हो कि राजस एयरोस्पोर्ट्स एंड एडवेंचर लिमिटेड (RAAAPL) एक प्राइवेट लिमिटेड भारतीय गैर-सरकारी कंपनी है, जिसे 30 मई, 2013 को भारत में निगमित किया गया था और इसका पंजीकृत कार्यालय पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड में है।
- यह कॉर्पोरेट कला मनोरंजन और मनोरंजन सेवाएँ प्रदान करने के व्यवसाय में लगा हुआ है। वर्तमान में राजस एयरोस्पोर्ट्स मसूरी के जॉर्ज एवरेस्ट से हिमालयन दर्शन हेलिकॉप्टर सेवा संचालित कर रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gyro-copter-safari-will-start-soon-in-uttarakhand